Seventeenth Loksabha

p>

Title: Need to regulate vehicles of more than 15 years can run on road after proper fitness.

डॉ. एस. टी. हसन (मुरादाबाद): बहुत-बहुत शुक्रिया, सर ।

सर, मैं आपका ध्यान एक बहुत महत्वपूर्ण जन समस्या की ओर दिलाना चाहता हूं । ऐसे मोटर वेहिकल्स, जिनको 15 साल बाद सड़क पर आने से बैन कर दिया गया है, कहीं पर 10 साल के बाद ही बैन किया गया है । मिडिल क्लास और लोअर मिडिल क्लास के लोग बड़ी मुश्किल से एक गाड़ी खरीदते हैं और उसे बहुत प्यार से रखते हैं । मिडिल क्लास फैमिलीज की कुछ गाड़ियां केवल दस हजार या बीस हजार किलोमीटर चली होती हैं । जब उनको एक्सटेंशन नहीं मिलता है, तब वे मजबूरन उसे कबाड़ी वाले को बेचते हैं और दस लाख रुपये की गाड़ी 50 हजार रुपये में बेची जाती है ।

अत: मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि ऐसा आदेश पारित करें कि पुरानी गाड़ियों की फिटनेस करके रोड पर लाया जाए । शुक्रिया ।